‘रेस्क्यू अभियान’

drishtiias.com/hindi/printpdf/rescue-campaign

चर्चा में क्यों?

31 अगस्त, 2021 को **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने जयपुर शहर को भिक्षावृत्ति से मुक्त बनाने के लिये रेस्क्यू अभियान** चलाने की घोषणा की है।

प्रमुख बिंदु

- यह रेस्क्यू अभियान **7 सितंबर, 2021 से प्रारंभ** किया जाएगा।
- यह अभियान **राजस्थान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** द्वारा चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य **जयपुर शहर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करना व भिखारियों का पुनर्वास** करना है।
- इसके तहत शहर के चार निर्धारित सेंटरों पर भिखारियों को ले जाकर उनके रहने, खाने एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी।
- कार्य करने योग्य भिखारियों को कौशल प्रदान करके आजीविका हेतु नौकरी प्रदान की जाएगी।
- भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को बालिका गृह एवं बाल गृह भेजा जाएगा और 60 वर्ष से अधिक आयु के भिक्षुओं को ओल्ड एज होम भेजा जाएगा।